हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025

12 अवैध कचरा प्वाइंटों की जगह पर लिखे जाएंगे...



11 शिक्षा बोर्ड में दो दिवसीय चिकित्सा शिविर लगाया




# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

ADVT.





## खबर संक्षेप

### शिकायतों का तुरंत करें निपटारा : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से जुड़ी लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

### विधायक सुनील ने सुनी लोगों की समस्याएं

**चरखी दादरी।** भाजपा के दादरी विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने वीरवार को कैंप कार्यालय पर लोगों की जन समस्या सुनी। इस दौरान विधायक ने समस्याओं के निदान बारे अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने जिस भरोसे से उनको विधानसभा में भेजा है, उसको कमजोर नहीं होने देंगे।

### किसान के खेत से नोजल व पाइप चोरी

**लोहारू।** उपमंडल के गांव अहमद वास खेड़ में एक किसान से खेत से नोजल और पाईप चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अहमद वास निवासी किसान कर्ण सिंह ने बताया कि 2 दिसंबर की रात को अज्ञात चोर उसके खेत में लगी फव्वारा सैट की 18 नोजल, पांच पाइप और बैंड चोरी कर ले गए।

### अलग-अलग गांवों से दो युवती लापता

**लोहारू।** उपमंडल के दो अलग अलग गांवों से दो युवतियों के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। लोहारू पुलिस ने दोनों युवतियों के परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी बेटी लोहारू चौ बंसीलाल कॉलेज में पढ़ती थी तथा 30 नवंबर को वह बिना बताए कहीं चली गई। उसकी काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली।

### 162 ग्राम अफीम सहित आरोपी दबोचा

**भिवानी।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप-निरीक्षक रमेश कुमार अपनी टीम के साथ अपराध पड़ताल ड्यूटी के दौरान बासिया भवन चौक भिवानी में मौजूद थे। एक व्यक्ति सनसिटी मॉल के समीप हुडा पार्क के पास अपनी गाड़ी में बैठा हुआ है और उसके पास मादक पदार्थ अफीम मौजूद है। सूचना की गंभीरता और विश्वसनीयता को देखते हुए सीआईए टीम तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची और वहाँ मौजूद एक व्यक्ति को काबू किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 162 ग्राम अफीम, 2,700 नकद तथा एक टाटा पंच गाड़ी बरामद की गई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। आरोपी की पहचान सुनील पुत्र बनी सिंह निवासी घिकाडा, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है।

## विद्यार्थियों ने स्टाफ को बाहर निकाल कर जड़ा ताला, बेमियादी धरना शुरू

# स्कूल में बाहरी हस्तक्षेप व अध्यापकों के दबादले के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

गांव डूडीवाला किशनपुरा स्कूल में शिक्षकों के तबादले व बाहरी हस्तक्षेप के विरोध में अभिभावकों व विद्यार्थियों ने मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर रोष प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तीन मांगे पूरी नहीं करने तक तालाबंदी जारी रखने का फैसलें से अवगत करवाया। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार के नेतृत्व में गांव डुडीवाला किशनपूरा के ग्रामीणों ने सुबह ही स्कूल पहुंच कर सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों को बाहर निकाल कर मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया। स्कूल पर तालाबंदी की जानकारी मिलते ही बीईओ के बाहर होने के कारण प्राचार्य बिशंबर व जसवंत आदि बाढड़ा व बेरला स्कूलों से प्राचार्यो को मौके पर भेजा गया लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग व चंदे से स्कूल भवन निर्मित करवाया लेकिन शिक्षा विभाग जानबूझकर हमारे बच्चों की शिक्षा बाधित कर रहा है। ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर स्कूल के सारा हालात से वाकिफ करवाया तो उन्होंने डीईओ की अगुवाई में सारे प्रकरण की जांच करवाई और उसके बाद एक प्रवक्ता को दूसरे स्कूलों में भेजा गया लेकिन दो अच्छे शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेज दिया है जिससे उनमें रोष वाजिब है। उन्होंने कहा कि साफ साफ कह दिया है कि जब तक शिक्षा विभाग लिखित में प्राचार्य सहित तीन शिक्षकों को दोबारा नियुक्ति देने व तीन प्रवक्ताओं को दूसरे स्कूलों में नहीं भेजा जाता वह पीछे नहीं हटेंगे तथा यह बेमियादी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने सारा दिन स्कूल पर तालाबंदी कर शिक्षा विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पूर्व सरपंच राजकुमार, नंबरदार राजकुमार जांगड़ा आदि रहे।





**बाढड़ा।** स्कूल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठे ग्रामीण व स्कूल के बाहर खड़े बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### स्कूल का निर्माण ग्रामीणों ने स्वयं किया

ग्रामीणों ने 2020 में श्री सोम नाथ समिति के तहत चंदा एकत्रित करके गांव के राजकीय स्कूल के भवन का निर्माण करवाया जिसमें 17 कमरे व एक हाल का नर्माण करवाया था तथा स्कूल में पानी की टंकी का निर्माण भी करवाया था। ग्रामीणों का कहना है कि अब राजनिति के चलते अध्यापकों का तबादला किया जा रहा है और गांव के बच्चों को शिक्षा से दूर किया जा रहा है।

### 25 बच्चों से 500 बच्चों का करवाया दाखिला

जून 2020 के करोना काल में जिस तरह गांव डुडीवाला किशनपुरा के ग्रामीणों ने मिलकर एक अनोखी पहल के तहत मिशन सरकारी स्कूल चलाकर गांव के सभी बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाया गया। जिससे स्कूल में कक्षा 6 से 8 में मात्र 25 बच्चे थे। स्कूल में 500 बच्चों का दाखिला करवा कर स्कूल को अपग्रेड करवा सीनियर सेकेंडरी बनवाया गया।

### दिसंबर 2021 को अपग्रेड हुआ स्कूल

ग्रामीणों ने बताया कि सरकार ने ग्रामीणों के सहयोग को देखते हुए। ग्रामिणों ने 17 कमरे व एक हाल, पानी की टंकी का निर्माण करवाकर बिना सरकारी सहायता के राजकिय स्कूल के भवन का निर्माण करवाया था जिसको देखते हुए प्रदेश सरकार ने दिसबंर 2021 में गांव के राजकीय स्कूल को माडल संस्कृति स्कू ल का दर्जा देते हुए स्कूल को अपग्रेड किया ओर 12 वीं तक की कक्षा गांव के विद्यालय में शुरू हुई ,लेंकिन अब स्कूल में राजनिति के चलते अध्यापको का दबादला किया जा रहा है जो किसी भी सुरत में सहन नहीं होगा।

### बोले ग्रामीण

ग्रामीणों ने बताया कि जो अध्यपक स्कूल का माहौल खराब कर रहे है उनके तबादले की मांग को लेकर ग्रामीणों व एसएमसी सदस्य प्रदेश के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी से चंडीगढ में मिले मांग पत्र भी सौपा था। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई वहीं जो अध्यापक नियमित बच्चों को पढ़ाते थे उनका तबादला कर दिया। जिससे मजबूर होगकर ग्रामीण व स्कूल के बच्चों ने स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार व मास्टर हरिओम जांगडा आदि ने बताया कि शिक्षा विभाग से बिसंबर ईंजार्च बीईओ पहुंचे, लेकिन ग्रामीणो ने लिखित में आश्वासन नहीं मिलने तक स्कूल का ताला नहीं खोलने की बात कही।



**भिवानी।** विरोध जताते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## सीआरएसयू जींद मामले को लेकर रोष

# भिवानी में एबीवीपी का सांकेतिक प्रदर्शन

- छात्राओं के उत्पीडऩ पर भडकी एबीवीपी, सीबीएलयू के बाहर किया सांकेतिक प्रदर्शन
- छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर नहीं किया जाएगा किसी भी प्रकार का समझौता : सचिन शेखावत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भिवानी ने चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में एक छात्रा के साथ हुई अश्लील चैट और उत्पीडऩ की घटना पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस मामले की निंदा करते हुए परिषद ने वीरवार को सीबीएलयू परिसर के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया।एबीवीपी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि दोषियों की निष्पक्ष जांच एवं जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन पूरे हरियाणा स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर कोई समझौता नहीं

प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए एबीवीपी भिवानी विभाग के विभाग संयोजक सचिन शेखावत और नगर मंत्री भिवानी रवि भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान के विषय पर कोई भी समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश करता है या दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो एबीवीपी पूरे हरियाणा प्रदेश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी। एवीबीपी हमेशा से छात्र हितों की रक्षा के लिए अग्रणी भूमिका निभाती रही है।

# लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त जारी

- 14765 महिलाओं के खाते में भेजी जा चुकी है लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिला भिवानी में कुल संभावित आवेदकों की संख्या 102779 है, जिनमें से 53676 महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। रजिस्टर्ड आवेदकों में से 36605 महिलाओं द्वारा योजना की राशि चयनित कर ली गई है। आवेदकों में से 14756 महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह की राशि की पहली किस्त प्राप्त हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कोई भी आवेदन लंबित ना रखें। आवेदनों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें।

### एडीसी ने योजना को लेकर दिए जरूरी निर्देश

एडीसी ने बताया कि विभाग कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शेष आवेदनों हेतू आवेदकों से संपर्क करके जल्दी से जल्दी आवेदन करें ताकि योग्य व जरूरतमंद आवेदकों को योजना का लाभ सरकार द्वारा दिया जा सके। इसके अलावा योग्य महिलाओं को सन्देश दिया है कि लाडो लक्ष्मी योजना से जुडने वाली महिलाओं के हैप्पी कार्ड कटने या बीपीएल का लाभ खत्म होने सम्बंधित भ्रांतियां पूर्ण रूप से गलत है। इसके अतिरिक्त जिन आवेदकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है उनके लिए पंचायत स्तर सीपीएलओ / जोनल प्रबंधक /समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से अपना आवेदन करवा सकते हैं।

### एडीसी ने शिविर में सुनीं समस्याएं

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का हरसंभव मौके पर निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। एडीसी के समक्ष सुनील वर्मा नंबरदार ने शहर में घूमती बेसहारा गाय व नंदी और बेसहारा पशुओं से निजात दिलवाने की मांग की।

# फिट इंडिया मुहिम युवाओं को न केवल फिट कर रही बल्कि देश की प्रगति में खास भूमिका निभा रही : सांसद

- दिव्यांग खिलाड़ी किन्ही भी मायनों में कम नहीं है : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई फिट इंडिया मुहिम के तहत शहर, गांव, स्कूल, विश्वविद्यालय, स्टेडियम हर जगह युवा कोई ना कोई खेल अवश्य खेलते है। इस मुहिम से ना केवल हम फिट व स्वस्थ रह पाते है, बल्कि इससे देश की उन्नति भी होती है। अब तक सांसद खेल उत्सव कार्यक्रम के तहत भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के 9 विधानसभा के विभिन्न खेल आयोजन में 7 हजार के लगभग खिलाड़ी भाग ले सकें है। यह बात सांसद धर्मबीर सिंह ने सांसद खेल उत्सव के तहत फिजिकल चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारत-नेपाल यूनिटी दिव्यांग क्रिकेट कप के दूसरे दिन के खेलों में भाग लेने के दौरान अपने संबोधन में कही।

### भारत ने नेपाल को 68 रनों से दी मात

भारत नेपाल यूनिटी दिव्यांग क्रिकेट कप के प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि भिवानी के जी लिट्रा क्रिकेट ग्राऊंड में आयोजित भारत-नेपाल दिव्यांग यूनिटी क्रिकेट कप के दूसरे दिन भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए नेपाल के सामने 160 रन का टारगेट रखा। वही पहले दिन के 20-20 मैच में भारत ने बैटिंग रखते हुए नेपाल के सामने 206 रन का लक्ष्य रखा था। जिसका पीछा करते हुए नेपाल की टीम 110 रनों पर ऑल आऊट हो गई। भारत ने 95 रनों से इस सीरिज के प्रथम मैच में जीत दर्ज की।

## सत्संग सत्पुरुष का संग है और संतों का संग पारस पत्थर से भी बढ़कर बताया

# सत्संग आपके तीनो लोको को सुधार कर चौथे लोक में ले जाता : कंवर साहेब

सत्य असत्य की लड़ाई में जीत हमेशा सत्य की ही होती, यहां शासन काल का चलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सत्संग जप तप पूजा पाठ सबसे बड़ा होता है क्यूंकि बाक़ी चीज तो केवल एक लोक सुधारती हैं लेकिन सत्संग आपके तीनो लोको को सुधार कर चौथे लोक में ले जाता है। सत्संग होना भी चाहिए और करना भी चाहिए क्यूंकि सत्संग निंदा द्वेष चुग़ली से परे आपको आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। सत्संग सत्पुरुष का संग है और संतों का संग पारस पत्थर से भी बढ़कर है। सत्संग आपको तन मन और धन से पवित्र करता है क्यूंकि सत्संग आपको सेवा दान और हरि का गुणगान सिखाता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने रोहतक के गोहना रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फ़रमाये। वार्षिक सत्संग और भंडारे में उमड़ी हजारों की संगत को सत्संग देते हुए हुजूर कंवर साहेब ने कहा की सत्य असत्य की लड़ाई में जीत हमेशा सत्य की ही होती है। उन्होंने कहा कि यहाँ शासन काल का चलता है। चारो तरफ़ काल के एजेंट घात लगाए बैठे हैं इसलिए हमेशा चित पर परमात्मा को रखने के लिए शुद्ध हृदय को रखने के लिए बार बार सत्संग करना चाहिए। हुज़ूर कँवर साहेब ने कहा कि वक़्त कभी एक जैसा नहीं रहता वो बदलता रहता है इसलिए धर्य मत छोड़ो केवल सतगुरु के वचन पर रहो आप कभी नहीं भटकोगे जरा सी ढील दी नहीं कि काल अपना दांव चल जाएगा।



**भिवानी।** आयोजित सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब। *फोटो : हरिभूमि*

### परमात्मा ने हर जीव का कर्म लिख रखा

गुरु महाराज ने फ़रमाया कि परमात्मा ने हर जीव का कर्म लिख रखा है लेकिन ये लिखा हुआ ना तो कोई पढ़ सकता है ना कोई बोल सकता है ऐसे में इंसान कैसे जाने कि उसके भाग्य में प्रमात्मा ने क्या लिखा है। प्रमात्मा के इस लेख को सतगुरु ना केवल पढ़ सकता है बल्कि बदल भी सकता है। संत सतगुरु आपको हक हलाल की कमाई के लिए प्रेरित करता है पहले बाहरी मोटे बंधन काटता है फिर रूह पर लिपटे झीने बंधनों को काट कर आपको भक्ति के मार्ग पर डालता है। उन्होंने कहा कि जब तक भौतिक जीवन शुद्ध नहीं होगा तब तक आत्मिक जगत नहीं सुधर सकता।

## मिड डे मील कर्मी 7 को करेंगी सांसद चौधरी धर्मवीर के आवास पर प्रदर्शन

**भिवानी।** 7 दिसंबर को मिड डे मील कर्मी करेंगी भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के आवास पर आक्रोष प्रदर्शन व डालेगी पड़ाव। परियोजना कर्मी विरोधी नीतियों के खिलाफ परियोजना कर्मीयों की तीनों फैडरेशनों के सयुक्त आह्वान पर 6, 7 व 8 दिसम्बर को आंगनबाडी, आशा व मिड डे मील कर्मी केन्द्रीय मंत्रियों व सांसदों के आवास पर प्रदर्शन करके पड़ाव डालने का निर्णय लिया हैं। यह प्रेस ब्यान जारी करते हुए मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा, भिवानी प्रधान सुदेश रिवासा व सीटू जिला सचिव कॉमरेड अनिल कुमार ने बताया कि जिले की सैकड़ों मिड डे मील वर्कर्स 7 दिसंबर को पुराना बस अड्डा स्थित ठाकुर बीरसिंह पार्क में इकट्ठा होकर रोष प्रदर्शन करके अपने रोष को प्रदर्शित करेंगी। यूनियन व सीटू नेता ने बताया कि देश व प्रदेश की सरकार गरीब व महिला विरोधी नीतियों को लागू कर रही है। 45 वे श्रम सम्मेलन की सिफारिश के मुताबिक मिड डे मील वर्कर्स व परियोजना कर्मियों को पक्का किए जाने व 26000 रुपए न्यूनतम वेतन की सिफारिश को लागू नहीं कर रही है। पिछले लंबे समय से मिड डे मील कर्मियों के वेतन में केंद्र सरकार ने बढ़ोतरी नहीं की है। केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाले मानदेय की देरी से दिया जाता है जिसके चलते मिड डे मील कर्मी 6000 रुपए वेतन से गुजारा करने के लिए मजबूर हो गई है। आज भी कर्मी 10 माह के वेतन में काम कर रही है। मिड डे मील कर्मियों को पक्का करने, 26000 रुपए न्यूनतम वेतन लागू करने, 10 माह का वेतन देने, लेबर कोड रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने की मांग को लेकर तीनों परियोजना कर्मियों के फेडरेशनो ने सयुक्त रूप से 6 ,7 ,8 दिसंबर को केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों के आवास पर महापड़ाव डाला जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जन चेतना यात्रा विभिन्न स्कूलों में पहुंची

**बाढड़ा।** राजकीय स्कूल कारी धारणी, संस्कृति स्कूल कारी रूपा, राजकीय गर्ल्स स्कूल बाढड़ा और मॉडर्न संस्कृति स्कूल बाढड़ा सहित कई स्कूलों के प्रांगण में बच्चों को खेजड़ी वृक्ष के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल परिसर में पहुँची खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा की अध्यक्षता रेंज ऑफिसर रविन्द्र ने की। इस दौरान स्थानीय निवासियों, समाजसेवियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने बड़ी सं2या में भाग लिया। कार्यक्रम का मु2य उद्देश्य खेजड़ी वृक्षों के पर्यावरणीय महत्व और इनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जन-जागरूकता फैलाना रहा।

### कुटीर उद्योगों के लिए कार्यशाला आयोजित

**लोहारू।** स्थानीय सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार के निर्देश पर एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवस एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस शिविरार्थियों को स्वावलंबी भारत अभियान की कड़ी में लघु कुटीर उद्योगों के लिए प्रेरित करने के लिए कार्यशाला करवाई गई। जिसमें छात्राओं ने पेपर क्राफ्टिंग और वेस्ट मैटेरियल से साज सज्जा के लिए उपयोग में आने वाली वस्तुओं का निर्माण किया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस शिविरार्थियों ने प्रदूषण मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### साइकिल यात्रा से नशा मुक्ति का संदेश दिया

**भिवानी।** युवाओं को नशा मुक्ति और आमजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल यात्रा निकाल रहे जिला हिसार के गांव कालीरावण निवासी सुभाषचंद्र अपनी साइकिल के साथ वीरवार को लघु सचिवालय में पहुंचे, जहां एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने उनका हौसला अफजाई किया।

एडीसी श्री करवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लक्ष्य है कि हरियाणा प्रदेश ड्रग्स फ्री हो, इसके लिए साइक्लोथान के माध्यम से प्रदेश भर में दो बार संदेश दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहने के लिए युवाओं में जागरूकता लानी जरूरी है। इस दौरान साइकिल के माध्यम से नशा मुक्ति जनसंदेश दे रहे सुभाष चंद्र ने एडीसी को बताया कि वह 2020 में मंडी सुपरवाइजर के पद से सेवानिवृत हुए थे।

## 800 कर्मचारी/अधिकारियों व उनके परिजनों ने उठाया लाभ

# शिक्षा बोर्ड में दो दिवसीय चिकित्सा शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- निरोग काया ही सफलता की कुंजी

उत्तम स्वास्थ्य ही वास्तव में सुख व समृद्धि का आधार व घोतक है। हमें अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के प्रति सजग व सावधान रहना चाहिए। ये उदगार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. (प्रो.)पवन कुमार ने दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के आह्वान पर जीयो गीता, मेदांता फाउंडेशन, गुरूग्राम एवं अंचल अस्पताल, भिवानी के संयुक्त सौजन्य से दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस जांच शिविर में बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। दो दिवसीय कैंप में लगभग 800 बोर्ड अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जाँच करवाई। उन्होंने बताया कि आज के व्यस्त और भागदौड़ भरे जीवन में हम अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते है। मेरा मानना है कि निरोग काया ही सफलता की कुंजी है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही एक ऊर्जावान और रचनात्मक मस्तिष्क वास करता है। हमारे कर्मचारी, जो बोर्ड के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों की रीढ़ हैं, यदि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, तभी हम हरियाणा में शिक्षा के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त कर पाएंगे।


भिवानी। शिक्षा बोर्ड में आयोजित शिविर में जांच करवाते हुए।

### स्वास्थ्य जीवन का अहम पहलू

स्वास्थ्य मनुष्य जीवन का बहुत ही अहम पहलू है। उत्तम स्वास्थ्य ही वह आधार है जिसके माध्यम से व्यक्ति सभी शारीरिक व मानसिक क्रिया-कलाप करता है। अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक व सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाने के लिए व्यक्ति का कत्र्तव्य भी बन जाता है कि वह स्वस्थ रहे। हमारा प्रयास है कि इस तरह के कर्मचारी हितैषी कदम समय-समय पर उठाए जाते रहें, जिससे हमारे कर्मचारी पूर्ण ऊर्जा और उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

### गीता का वितरण किया

मन की शांति व स्थिरता के लिए इस तरह के निःशुल्क शिविरों का आयोजन करवाते रहें। शिविर में जीयो गीता साहित्य का निःशुल्क वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत गीता जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार है। गीता में मनुष्य की वर्तमान समस्याओं का समाधान और भविष्य की मानवता का शाश्वत संदेश है। गीता मन को एकाग्रचित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करती है। उन्होंने आगे बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में अंचल अस्पताल, भिवानी से डॉ. विनोद अंचल, निदेशक, डॉ. कृष्ण कुमार,एम.एस., डॉ. नरेश कुमार,एम.डी., डॉ. अक्षरा, एम.एस. (प्रसूति एवं स्त्री रोग) एवं डॉ. मीनू यादव, एम.डी. (बाल चिकित्सक) एवं मेदांता फाउंडेशन, गुरूग्राम से डॉ. हिमाशु पुनिया व डॉ. रमेश, सामान्य चिकित्सक सहित 07 सदस्यीय मेडिकल तकनीशियन के अतिरिक्त अन्य सहयोगी स्टॉफ का कार्य सराहनीय रहा। निस्वार्थ भाव से मानवता के प्रति अमूल्य योगदान देने के लिए बोर्ड अध्यक्ष ने पूरी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मेगा माइंड विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय सागवान, मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या मनीषा वालिया तथा विधिक साक्षरता खण्ड कोआर्डिनेटर शीला कुमारी के कुशल नेतृत्व में खण्ड स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन तोशाम के मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के संचालन में विद्यालय प्राचार्या मनीषा वालिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिक जागरूकता के महत्व पर आधारित प्रेरक संदेशों के साथ हुआ। जिसके विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों की गहन समझ विकसित करने पर बल दिया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विधिक साक्षरता को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को सभ्य नागरिक के रूप में तैयार करना था। प्रतियोगिता में भाषण, वाद-विवाद, क्विज, निबंध-लेखन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, स्लोगन लेखन, पेंटिंग, कविता वाचन, पीपीटी प्रस्तुति एवं स्किट जैसी विधिक गतिविधियां शामिल रही। इन सभी श्रेणियों में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ भाग लिया।


तोशाम। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विधिक साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन

**बहल।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में खंडस्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों, मानव अधिकारों व कत्र्तव्यों की गहन समझ विकसित करने पर जोर दिया गया। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में बीईओ कृष्ण यादव, सहायक सुंदर सिंह व विधिक साक्षरता खंड समंवयक राजेश की देखरेख में आयोजित हुआ। प्रवक्ता राजेश पहाड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक साक्षरता को बढ़ावा देना और उन्हें जागरूक व सशक्त नागरिक के रूप में तैयार करना है।

## बैठक में कई मुद्दों पर हुई विस्तार से चर्चा

# जेसीआई भिवानी स्टार की जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित

**मीटिंग में वर्ष 2026 की नई टीम और आगामी प्रोजेक्ट्स की रूपरेखा पर हुआ मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा स्थानीय हांसी रोड स्थित एक निजी रेस्तरां में जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और संस्था के आगामी भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया प्रभारी जेसी कपिल शर्मा ने बताया कि यह बैठक न केवल वर्तमान कार्यों की समीक्षा के लिए थी, बल्कि भविष्य की नींव रखने के लिए भी महत्वपूर्ण थी। बैठक का मुख्य आकर्षण वर्ष 2026 के लिए पीएसटी के नामों की घोषणा रही। सदन ने सर्वसम्मति और उत्साह के साथ संदीप अग्रवाल मुन्ना चीनी को पुनः प्रधान पद व श्याम अग्रवाल को सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष पद के लिए मनोज सैनी व कल्पना गोयल को पुनः महिला प्रधान पद के लिए मनोनीत किया गया,व पारुल गोयल को जूनियर छ्ष्ट पद के लिए मनोनीत किया गया उपप्रधान पद पर जेसी अनुराग शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर जेसी विजय गोयल, संयुक्त कोषाध्यक्ष पद के लिए जेसी नितिन तायल को मनोनीत किया गया।

### कार्यक्रम के अंत में सह-भोज का आयोजन

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों के लिए सह-भोज का आयोजन किया गया, जहां सदस्यों ने अनौपचारिक माहौल में एक-दूसरे के साथ विचार साझा किए। इस अवसर पर पैटर्न गोपाल अग्रवाल, प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल मुन्ना चीनीवाला, सचिव जेसी श्याम अग्रवाल,कोषाध्यक्ष जेसी मनोज सैनी, जेसीआरटी महिला विंग प्रधान कल्पना गोयल, जूनियर जेसी प्रधान पारूल गोयल, उपप्रधान जेसी अनुराग शर्मा, संयुक्त सचिव जेसी विजय गोयल,संयुक्त कोषाध्यक्ष जेसी नितिन तायल सहित सभी जेसीआई सदस्य मौजूद रहे।

### टीम संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी

टीम संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। मंच संचालन जैसी अनिल बंसल ने बहुत ही प्रभावित तरीक़े से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष जेसी संदीप अग्रवाल ने बताया कि मीटिंग के दौरान कई महत्वपूर्ण सामाजिक प्रोजेक्टों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही नए साल के लिए सदस्यता शुल्क जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई। संस्था की ओर से एक विशेष पहल करते हुए सदस्यों को आकर्षक उपहार (गिफ्ट) देकर सम्मानित किया गया, जिससे सदस्यों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संस्था के पैट्रन जेसी गोपाल अग्रवाल, आईपीपी जेसी भरत गुप्ता और कोषाध्यक्ष जेसी प्रवीण अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने राईज अप टू-गैदर के नारे को चरितार्थ करते हुए संगठन की एकता पर जोर दिया।

# डाइट भिवानी में प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न

**बवानीखेड़ा।** डाइट भिवानी में स्कूल मुखियाओं के लिए चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र जी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया।सत्र की शुरुआत मास्टर ट्रेनर कुसुम प्राचार्या ने विषय पर व्याख्यान देकर की। उन्होंने विद्यालय स्तर पर प्रभावी नेतृत्व व शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास की भूमिका पर जोर दिया। इसके पश्चात प्रवक्ता नवीन यादव ने विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षण प्रक्रिया में केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन कौशलों और अनुभवजन्य अधिगम को भी महत्व देना चाहिए।मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रवक्ता नरसिंह ने उपयोगी जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को डिजिटल युग में सुरक्षित रूप से कार्य करने के उपाय बताए।इस अवसर पर डाइट प्रभारी मोनिका, प्रवक्ता विवेक कुमार तथा नीरज कुमार भी उपस्थित रहे।


आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षक।

# महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह को लेकर सैनी कल्याण परिषद ने विधायक को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सैनी कल्याण परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल 21 दिसंबर को मनाई जाने वाली महाराजा शूरसैनी जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को भिवानी के विधायक एवं पूर्व मंत्री घनश्याम सर्राफ से उनके निवास पर मिला। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने विधायक को जयंती समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूप सिंह सैनी ने विधायक को बताया कि परिषद समाज में शिक्षा के प्रसार और प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में परिषद द्वारा दो माह पूर्व प्रतिभा प्रोत्साहन एवं विकास परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और मेरिट में स्थान बनाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह के मंच से सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है।


भिवानी। विधायक घनश्याम को निमंत्रण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**कोचिंग सेंटर खोलने पर बनी सहमति**
मुलाकात के दौरान प्रधान भूप सिंह सैनी ने विधायक घनश्याम सर्राफ के समक्ष समाज के जरूरतमंद बच्चों के लिए एक कोचिंग सेंटर खोलने का प्रस्ताव भी रखा।

# छात्रों में ज्ञान, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन : धूपड़

- जीण विद्या मंदिर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई शानदार प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विद्यार्थियों की विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय रामगंज महोल्ला स्थित जीण विद्या मंदिर हाई स्कूल में वीरवार को विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने अपने नवाचारपूर्ण मॉडल, प्रयोग और वैज्ञानिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और प्रयोगात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करना रहा। प्रदर्शनी में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा स्रोत, दैनिक जीवन में विज्ञान आदि विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने नवीकरणीय ऊर्जा, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, स्मार्ट सिटी, स्वास्थ्य विज्ञान और अन्य अवधारणाओं को सरल व प्रभावी तरीके से समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के फाउंडर डायरेक्टर शंकर धुपड़ तथा उमा धुपड़ ने सभी मॉडलों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के मॉडल यह सिद्ध करते हैं कि यदि अवसर और मार्गदर्शन सही हो तो विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं।



# दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को 8 को मिलेंगे कृत्रिम उपकरण

**भिवानी।** उपायुक्त एवं रेडक्रास अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से जिला के दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु जिले के सभी ब्लॉक में आठ दिसंबर से पंजीकरण जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए सचिव रेडक्रॉस प्रदीप कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने के लिए 8 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2025 तक जिले के सभी खण्डों में जांच शिविर आयोजित किये जाएंगे। ये सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग जांच शिविर दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन व वरिष्ठजनों के जीवन सुगमय बनाने के लिए जिले के सभी खण्डों में जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। सचिव ने बताया कि 8 दिसम्बर को नागरिक हस्पताल बवानी खेडा में, 9 दिसम्बर को पंचायत घर तोशाम में, 10 दिसम्बर को खंड विकास पंचायत कार्यालय सिवानी में, 11 दिसम्बर को खंड विकास पंचायत कार्यालय कैरू में, 12 दिसम्बर को खंड विकास पंचायत कार्यालय लोहारू में, 13 दिसम्बर को खंड विकास पंचायत कार्यालय बहल में एवं अंतिम जांच शिविर 14 दिसम्बर को रेडक्रॉस भवन चिड़ियाघर रोड भिवानी में आयोजित किया जाएगा।

# बाल महोत्सव में मंतिका, दृप्ति और आशिता ने किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला बाल कल्याण परिषद, हरियाणा द्वारा रोहतक में आयोजित जोनल स्तरीय बाल महोत्सव में विभिन्न स्मूहों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है जिसके अर्न्तगत एकल नृत्य प्रतियोगिता के द्वितीय ग्रुप में आशिता ने प्रथम व जी.के. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के चतुर्थ वर्ग में मंतिका व दृप्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को उनके अथक परिश्रम की सराहना करते हुए व उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व बताया कि जिला स्तर पर आयोजित बाल महोत्सव में भी अपनी अदभुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मंतिका व दृप्ति ने प्रथम व आशिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए जिला स्तर पर विद्यालय व अभिभावको का नाम रोशन किया था। प्रबंधक सतीश गोयल व रवि गोयल, निदेशक रामानन्द सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल व निश्चल गोयल, प्राचार्य दीपक जोशी, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।


भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कृषि विभाग के स्टैनोग्राफर संदीप कुमार ने पेश की मिसाल

- संदीप कुमार ने बिना दहेज 1 रुपया और नारियल लेकर रचाई शादी, युवाओं के लिए पेश की मिसाल

**भिवानी।** आज के दौर में जहां शादियो में दिखावा और दहेज का बोलबाला है, वहीं भिवानी जिले के गांव छपार के निवासी संदीप कुमार ने समाज के सामने एक अनूठी मिसाल पेश की है। भिवानी के कृषि विभाग में बतौर स्टैनोग्राफर कार्यरत संदीप ने बिना दहेज शादी कर युवाओं को एक नई दिशा दिखाई है। उन्होंने शगुन के तौर पर मात्र एक रुपया और नारियल स्वीकार कर सादगी से विवाह संपन्न किया। बता दे कि संदीप कुमार का विवाह गांव बलकरा निवासी कुसुम लता के साथ तय हुआ था। शादी की रस्में शुरू होने के दौरान वधू पक्ष (ससुराल) की ओर से संदीप को दहेज देने का प्रस्ताव रखा गया। एक शिक्षित और जागरूक युवा की भूमिका निभाते हुए संदीप ने विनम्रतापूर्वक दहेज लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे दहेज के सख्त खिलाफ हैं। संदीप ने पुरानी रूढियों को तोड़ते हुए शगुन के रूप में केवल एक रुपया और नारियल स्वीकार किया और कुसुमलता को अपनी अर्धांगिनी बनाया। संदीप के इस फैसले में उनके परिवार का भी पूरा सहयोग रहा।

**आयोजन** संतों का सानिध्य, गीता ज्ञान और सेवा संदेश रहा प्रमुख

# सत्संग में संतों ने श्रीमद्भगवद् गीता के उपदेशों का जीवन में महत्व बताया

**ढाणा लाड़नपुर मे पूर्णिमा सत्संग एवं भंडारे का आयोजन काफी भक्त शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गांव ढाना लाडनपुर में पूर्णिमा सत्संग एवं भंडारे का आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व वाला कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, समाजसेवियों सहित अनेक प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के चेयरमैन श्री श्री 1008 दलबीरानंद महाराज व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में श्री श्री 1008 महंत राजेश्वरानंद महाराज (हिसार), जोहड़ी धाम के महंत चरण दास का सानिध्य रहा। कार्यक्रम में संतों ने महापुरुषों की पवित्र वाणी से लोगों को प्रेरित किया,संत रविदासः "मन चंगा तो कठौती में गंगा।" संत कबीरः "दुख में सुमिरन सब करे" ज्योतिबा फुलेः "शिक्षा ही मनुष्य को मनुष्य बनाती है।" सावित्रीबाई फुलेः "जाओ, आगे बढ़ो; शिक्षा लो, संघर्ष करो। उन्होंने बताया कि सत्संग व भजन-कीर्तनः सत्संग में संत-महापुरुषों की वाणी, भजन-कीर्तन और आध्यात्मिक विचारों का श्रवण कराया जाता है, जिससे मन की शांति और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। सत्संग के दौरान संतों ने श्रीमद्भगवद् गीता के उपदेशों का उल्लेख करते हुए उपस्थित लोगों को निष्काम कर्म, समभाव, कर्तव्यपरायणता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। "कर्म किए जा, फल की चिंता मत कर" जैसे गीता उपदेशों ने लोगों को जीवन में सकारात्मकता और अनुशासन अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रबुद्ध समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह सम्मान समाज में प्रेरणा, सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करेगा।


भिवानी। आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### स्थापना दिवस की तैयारियां जोरों पर

**बाढड़ा।** जजपा पदाधिकारियों की टीम ने वीरवार को क्षेत्र के गांव कारी धारणी, सिरसली, कारी मोद, श्यामकलां, डांडमा, मंदोला, कलियाणा, मोडी, मकडाना आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को स्थापना दिवस रैली का न्योता दिया।

जिला अध्यक्ष रविन्द्र सांगवान, जजपा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, हल्का अध्यक्ष राकेश कलकल व जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने बताया कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। पूर्व उपमु यमंत्री दुष्यंत चौटाला जनहित में कार्य कर रहे हैं। दुष्यंत चौटाला ने उपमु यमंत्री रहते हुए प्रदेश के युवाओं और महिलाओं के हित में अनेक कार्य किए हैं।

## खबर संक्षेप


प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं।

### नशा मुक्ति विषय पर पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन

**चरखी दादरी।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में आज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन में नशा मुक्ति विषय पर पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रो. आनन्द कुमार ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने छात्राओं को नशा-मुक्ति के महत्व पर जागरूक करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का भविष्य नष्ट कर देता है। प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नशे के सामाजिक, मानसिक व शारीरिक प्रभावों को अत्यंत सटीक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे विशेष रूप से सराहा गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं की प्रतिभा को निखारते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**बाढड़ा।** बाढड़ा 4लॉक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय पीबीपीबी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर सीडीपीओ सुनीता सांगवान के नेतृत्व तथा रॉकेट लर्निंग की जिला समन्वयक सरिता फोगाट की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के लिए सौ-सौ प्रतिभागियों के दो बैच बनाए गए तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व ढिगावा रोड़ के सरकारी स्कूल में दोनों सत्र आयोजित हुए। संचालन दादरी द्वितीय खंड से एसएलएमटी सुमनलता तथा दादरी प्रथम से सुमन बाला रीनू रानी, मीना, अनीता, सुशीला ने मिलकर किया। सुपरवाइजर नीलम, मंजू, सुनीता, सीमा तथा अनीता ने भी सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

### मिशन बुनियाद की सफलता पर सेमिनार

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे अनमोल है और विद्यार्थी जीवन में की गई कड़ी मेहनत से मनुष्य की सफलता का मार्ग का सुगम होता है। इस लिए प्रत्येक विद्यार्थी को लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिदिन कम से कम 6 घंटे पढाई करनी चाहिए। वे गुरुवार को स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन बुनियाद और सुपर 100 कार्यक्रम की सफलता पर आयोजित ब्लाक स्तरीय सेमिनार कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पूनम श्योराण ने की तथा बीईओ विजय प्रभा ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

## लोगों ने समस्याओं पर जताया रोष, कहा-शासन व प्रशासन नहीं ले रहा आमजन की सुध

# हुडा कॉलोनी के रोड व पार्कों के बिगड़े हालात, कोई नहीं समझता जज्बात

- कॉलोनी में सीवरेज, बिजली-पानी, पार्क, सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित हुडा कॉलोनी के हाल इस कद्र खराब हो चुके हैं कि लोग यहां रहने को मजबूर दिखाई दे रहे हैं। लोगों का मानना है कि जबसे कॉलोनी बनी है शायद विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों की सुध ली हो इस कॉलोनी में सीवरेज, बिजली-पानी, पार्क, सफाई व्यवस्था सभी चरमराई हुई है, लोग प्रशासन से टकटकी लगाकर इंतजार कर रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने अपने विचार साझा किए।

**हनुमान पाराशर**

**विभाग को जल्दी लेनी चाहिए सुध**



समाजसेवी हनुमान पाराशर की मानें हुडा कॉलोनी में सड़कों, नालियों, सीवरेज, बिजली-पानी, सफाई व्यवस्था, पार्कों की व्यवस्था चरमराई हुई है। पूरे शहर में सीवरेज की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। विभाग को इसकी जल्द से जल्द सुध लेकर विकास करवाना चाहिए ताकि जिस सोच के साथ जनता ने सरकार को चुना है, उसका लाभ मिल सके।

**सतपाल शर्मा**

**रेलवे रोड की किसी ने नहीं ली सुध**



सतपाल शर्मा ने बताया कि रेलवे रोड़ बीती योजना में बनाकर अधर में छोड़ दिया पहले राहगीर अपनी मंजिल तक पहुंच जाया करते थे लेकिन अब ये इतना उबडखाड़ बनाकर छोड दिया है कि लोगों ने इस तरफ आना ही बंद कर दिया वहीं हुडा कालोनी की सड़के अपनी बदहाली पर आंसी बहाने को मजबूर दिखाई दे रही है। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। विभाग को इसकी सुध लेनी चाहिए ताकि दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

**ललित जैन**

**सड़कों ने बिगाड़ दिया घर का नक्शा**



समाजसेवी ललित जैन की मानें तो हुडा कॉलोनी की सड़कें धीमी वाहन चलाने योग्य भी नहीं है लेकिन वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों की रफ्तार को इतना तेज किया जाता है कि उनके आशियानों की दिवारें भी हिलने लगती है। इन सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से उनके मकानों का नक्शा तक बिगड़ गया है। वे अपना मकान यहां बनाकर पछता रहे हैं। सड़क में गहरे गहरे गडढे.बने हुए हैं। सरकार से विकास को लेकर काफी उम्मीदें है।

**राकेश वाल्मीकि**

**जल्द लगेगी विकास की झड़ी**



विधायक कपूर वाल्मीकि के भाई राकेश वाल्मीकि ने बताया कि शहर के विकास का पूरा खाका तैयार किया जा चुका है। जल्द ही शहर में विकास कार्यों की गंगा बहेगी। मौजूदा प्रथम जलघर का विकास कार्य चल रहा है, गांवों में मार्गो सहित जलघरों का कार्य जारी है, शहर में भी विकास की गंगा बहेगी।

## खुले दरबार में समस्याओं की समीक्षा की, चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने लिया अपडेट

# अवैध कचरा प्वाइंटों की जगह पर लिखे जाएंगे स्वच्छता के संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब अवैध कचरा प्वाइंटों को खतम करके उस जगह पर स्वच्छता का संदेश लिखे जाएंगे। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि यह लोगों के सहयोग से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को अपनाने का संदेश देते हुए इस अभियान को आगे बढाने का आहवान किया। वे गुरुवार को नगरपरिषद के अधिकारियों को साथ लेकर बंसीलाल पार्क पहुंचे। वहां पर विगत में नप द्वारा खुला दरबार लगाया गया था। जिसमें लोगों ने पार्क के साथ बनी पार्किंग में कूड़ा व कचरा डले होने की शिकायत की थी। जिस पर आज नगरपरिषद ने अभियान चलाकर उस कचरे को उठवा दिया और उस जगह पर फिर से लोगों को कचरा न डालने की गुजारिश की। इनके अलावा नप के खुले दरबार में जो भी समस्याएं आई उनके निराकरण का अपडेट भी लिया चूंकि क्षेत्र के लोगों ने पार्क में कुर्सी व अन्य सामान जर्जर व टूटा होने की शिकायत की थी। जिस पर आज कार्य शुरू हो गया है। इस मौके पर पार्षद मास्टर अनिल, विनोद बेडवाल के अलावा अनेक शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।


भिवानी। बंसीलाल पार्क की पार्किंग में पड़े कचरे को उठवाने के निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ऑटो टीपर नहीं पहुंचता तो करें नप में शिकायत**

इस दौरान नप अधिकारी विकास देशवाल ने बताया कि हर व्यक्ति घर से निकलने वाले कचरे को कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में डाले, ईधर उधर न फेंके। साथ ही कहा कि अगर किसी इलाके में उक्त गाड़ी या ऑटो टीपर कूड़ा उठाने के लिए नहीं पहुंचता है तो उसकी शिकायत नप में करें। ताकि उसको उस जगह पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई सहन नहीं होगी। अगर उसके बाद भी ऑटो टीपर चालक ने कोई लापरवाही बरती तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**बंसीलाल पार्क की पार्किंग बनी कचरा घर**

बंसीलाल पार्क के पास में बनी पार्किंग में लोगों ने कूड़ा व कचरा डालकर पार्किंग को पूरी तरह से अवरूद्ध कर दिया। जिसकी शिकायत नप के खुले दरबार में की गई। उस पर कार्रवाई करते हुए नगरपरिषद की टीम ने पहुंचकर आज कूडा व कचरा उठा दिया और उस जगह को साफ व सूथरा बनाया जा रहा है। नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि का दावा है कि वे इस जगह पर दोबारा कचरा न डाले जाने की लोगों से गुजारिश करेंगे।साथ में वे इस जगह पर स्वच्छता का संदेश लिखवाएंगे। ताकि कूड़ा व कचरा डालने से पहले लोगों को स्वच्छता की याद दिलाई जा सके। इनके अलावा अन्य जगहों पर भी इसी तरह से स्वच्छता के लेख लिखे जाने का प्रयास किया जाएगा।

**प्रत्येक वार्ड में लगेंगे खुले दरबार**

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि लोगों की समस्याएं सुनने के लिए हर वार्ड में नगर परिषद द्वारा खुले दरबार लगाए जाएंगे। समाधान शिविर में समस्याएं आने के बाद उनका निराकरण करवाया जाएगा।

# आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

- रूस में आयोजित साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में चमकाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। छात्र आदिश जैन ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है।


छात्र आदिश जैन।

उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन व माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।

# लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पंचायत भवन में पांच दिसंबर को दोपहर बाद तीन बजे जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे। बैठक में 13 परिवाद रखे जाएंगे, जिनकी शिक्षा मंत्री सुनवाई कर मौके पर ही समाधान करेंगे।

नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्टां निवारण समिति में रखे जाने वाले परिवादों में पांच परिवाद पुराने हैं तथा आठ नए हैं। शिक्षा मंत्री के समक्ष रखे जाने वाले परिवादों में स्थानीय सैशन कॉलोनी निवासी सुभाष पुत्र कुंदन लाल का परिवाद पुलिस से संबंधित, गांव झुप्पा निवासी सुनीता का परिवाद पुलिस अधीक्षक और एडीसी से संबंधित, सेक्टर 13 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के प्रधान रामकिशन शर्मा का परिवाद कार्यकारी अधिकारी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से संबंधित है, संदीप पुत्र राजेंद्र कौशिक, कीर्ति नगर भिवानी का परिवाद पुलिस अधीक्षक से संबंधित, गोलपुरा मजरा आसलवास मरहेटा निवासी धन सिंह का परिवाद उपमंडल अधिकारी ना. भिवानी से संबंधित परिवाद रखे जाएंगे।

# तहसीलदार की स्थायी तैनाती के लिए दिया धरना

- आज तहसील कार्यालय पर तालाबंदी की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

राजस्व विभाग में तहसीलदार सहित वरिष्ठ अधिकारियों के पदों पर स्थाई नियुक्ति न होने पर उपमंडल मुख्यालय पर चौथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसान संगठनों, अधिवक्ता संघ व नंबरदार एसोसिएशन ने मांगे न मानने पर शुक्रवार को तहसील कार्यालय पर तालाबंदी करने का एलान किया। अधिवक्ता संघ ने दूसरे दिन भी वर्क सस्पेंड जारी रखकर आंदोलन का समर्थन किया। कस्बे के जुई रोड़ स्थित तहसील परिसर में भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में आयोजित बेमियादी रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीव श्योराण ने कहा कि उपमंडल मुख्यालय पर तहसीलदार का पद रिक्त होने से पिछले डेढ़ माह से कामकाज बाधित होने से परेशान भाकियू की अगुवाई में अधिवक्ता संघ, नंबरदार एसोसिएशन, स्टांप वेंडर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ किया था।

**डीआरओ को नहीं करने देंगे काम**

भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा ने कहा कि राजस्व विभाग के डीआरओ राजकुमार भोरिया ने कल पिछे से तहसीलदार का अतिरि1त कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन हमे तहसीलदार चाहिए नहीं तो हम उसे काम नहीं करने देंगे। लोगों में डीआरओ को लेकर रोष है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार को की स्थई नियु1ति की जाए।आज कार्यालय के ताला बंदी की जाएगी। जो नायब तहसीलदार है उसके पास अनुमति नहीं है।

## खबर संक्षेप



### जल्द बदलेगी बहल कस्बे की सूरत:जेपी

**बहल।** प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि बहल के विकास के लिए ऐसी विकास परियोजनाओं की शुरूआत की जा रही है जिससे बहल कस्बा बहुत जल्दी एक शहर का रूप में नजर आएगा। बहल में 10 करोड़ रुपये की लागत से करीब 10 एकड़ भूमि में लुवास हिसार का पशु विज्ञान केन्द्र बनाया जाएगा। इसका शिलान्यास शीघ्र की करवा दिया जाएगा। इसके अलावा गोकलपुरा का पोषक अनाज अनुसंधान केन्द्र बहल के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वे वीरवार को बहल कस्बे में कव्वाली बीज भंडार पर आयोजित सत्संग कार्यक्रम में भाग लेने के बाद लोगों के बीच बोल रहे थे।



### ग्रामीण भारत की उन्नति ही राष्ट्र के वास्तविक विकास का आधार : फौगाट

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में सीबीएसई के सौजन्य से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत 'खेतों से भविष्य तक' 'सशक्त ग्रामीण भारत' विषय पर द्वितीय अभिव्यक्ति श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक अभिव्यक्ति, ग्रामीण विकास के प्रति संवेदनशीलता तथा नई शिक्षा संस्कृति के अनुरूप नवाचार सोच को बढ़ावा देना था। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि ग्रामीण भारत की उन्नति ही राष्ट्र के वास्तविक विकास का आधार है और आने वाली पीढ़ियों को इसी दिशा में चिंतन एवं योगदान के लिए तैयार करना समय की मांग है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

# लोक अदालत के लिए लगाई पैनल अधिवक्ताओं की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसंबर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के मार्गदर्शन में जिला न्यायिक परिसर और उपमंडल तोशाम, सिवानी तथा लोहारू न्यायिक परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया द्वारा जारी किए आदेशानुसार भिवानी न्यायिक परिसर में एडिशनल प्रिंसिपल जज फैमिली, रूपम की कोर्ट में पैनल अधिवक्ता राजबाला, एडिशनल डिस्ट्रिक एंड सेशन जज आशीष शर्मा की कोर्ट में पैनल अधिवक्ता अनुराधा खनगवाल और सामान्य अस्पताल भिवानी से ऑर्थो सर्जन डॉ ओमबीर, सीजे-जेडी कम जेएमआईसी सोहन लाल मलिक की कोर्ट में पैनल अधिवक्ता सुनील मुलोडिया, सीजे-जेडी कम जेएमआईसी अंतरप्रीत सिंह की कोर्ट में पैनल अधिवक्ता सोनाली तंवर, सीजे-जेडी कम जेएमआईसी हरजोत कौर की कोर्ट में पैनल अधिवक्ता तरन्नुम की ड्यूटी लगाई है।

**पहल** | अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में सीबीएलयू में कार्यक्रम

# सीबीएलयू में साइन लैंग्वेज जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के नए परिसर में साइन लैंग्वेज जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा एनजीओ हमारा अपना फाउंडेशन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांगजन की संचार आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय में अधिक समावेशी एवं सहयोगी वातावरण को प्रोत्साहित करना था। लगभग 50 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा एस.सी. कमीशन के उपाध्यक्ष


भिवानी। कार्यक्रम में दिशा-निर्देश देतीं कुलपति प्रो. दीप्ति धरमाणी।

विजेंद्र बडगुजर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दिव्यांगजन के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय द्वारा जागरूकता बढ़ाने हेतु किए गए इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के तकनीकी सत्र का संचालन हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने दो प्रशिक्षित विशेषज्ञों के साथ मिलकर प्रतिभागियों को साइन लैंग्वेज के मूलभूत संकेतों, अभिव्यक्ति की तकनीकों तथा दिव्यांगजन से संवाद के व्यवहारिक पहलुओं के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में भिवानी के एक पैरा ओलम्पिक पदक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी की उपस्थिति विशेष प्रेरणादायक रही।

**शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध**

कुलपति प्रो. दीप्ति धरमाणी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय सुलभ, बाधारहित और समावेशी शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की आवश्यकताओं को समझना और उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी